हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री


12 सड़क मरम्मत, निर्माण कार्य और धान...


12 मनुष्य सरल स्वभाव से प्राप्त कर सकता है ...



# केंद्रों में धान जाम की स्थिति, उठाव में तेजी नही आई तो प्रभावित होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राईस मिलरों को शासन से मिले आश्वासन के बाद उठाव के लिए डीओ जारी होने का कार्य तो शुरु हो गया। लेकिन, उठाव की धीमी गति के चलते स्थिति यह है कि तेजी से उठाव नही हुआ तो जल्द ही जिले के 20-25 धान खरीदी केंद्रो में धान खरीदी बाधित हो सकती है। बता दें कि जो रफ्तार खरीदी की है उस रफ्तार से उठाव नही हो रहा। वहीं धान की अधिक मौजूदगी समितियों के लिए भी नुकसानदायक साबित होगी। जिले के 182 धान उपार्जन केन्द्रों में से 118 उपार्जन केंद्र ऐसे हैं जहां बफर लिमिट से अधिक खरीदी हो गई है। इनमें से भी 20-25 ऐसे उपार्जन केन्द्र हैं जहाँ यदि आज-कल में तेजी से उठाव नहीं हुआ तो धान खरीदी बंद हो सकती है। बता दें कि 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने 1 लाख 62 हजार 323 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले में 130 समितियों के 182 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। जिले को इस वर्ष 12 लाख 45 हजार 963 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। मंगलवार तक जिले के 59 हजार 177 किसानों से कुल 298879.84 टन धान की खरीदी की जा चुकी है। नवंबर के आखिरी सप्ताह के बाद जिले में धान कटाई तेजी से शुरू हुई। जिसके साथ ही दिसंबर से धान उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने किसान पहुंच रहे हैं और किसानों से समितियों में लगातार धान खरीदा जा रहा है।

## संग्रहण केंद्र भेजा जा रहा धान, मिलरों का पंजीयन और अनुबंध कार्य जारी

### समितियों की बढ़ी मुश्किलें

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि धान खरीदी के दौरान शासन के निर्देशों के तहत किसानों से 17% नमी के मान से धान खरीदी समितियों द्वारा की जाती है। कड़ी धूप एवं लेटलतीफी परिवहन व्यवस्था के चलते धान सूख जाता है। जिसका सीधा असर समितियों पर पड़ेगा। शासन द्वारा समितियों को धान खरीद पर कोई सूखत मान्य न होने के चलते धान की खरीदी समितियों के लिए मुश्किलें बढ़ जाती है।



### पहले देरी, अब धीमी गति से हो रहा उठाव

जिले में 10 दिसंबर तक कुल 298879.84 टन धान की खरीदी की जा चुकी है। लेकिन मात्र 4319.60 टन ही धान का उठाव हो पाया है और उपार्जन केन्द्रों में 294560.44 टन धान पड़ा है।

### बंफर लिमिट से अधिक खरीदी

जिला विपणन अधिकारी टिकेंद्र राठौर की मानें तो बंफर लिमिट से अधिक धान खरीदी अब तक किसी केंद्र में नही हुई है। उपार्जन केन्द्रों में धान जाम की स्थिति बन रही है उन्हें चिन्हांकित कर धान के उठाव में तेजी लाई जा रही है। जिले में प्रतिदिन 150 गाडियां उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव कर संग्रहण केन्द्र में भेजी जा रही है। इधर, राइस मिलरों से पंजीयन और अनुबंध जारी है। खरीदी प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बीईओ ने ली अशासकीय स्कूलों के शिक्षकों की समीक्षा बैठक



**बलौदाबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गैलरी में अशासकीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टण्डन द्वारा अपार आईडी जनरेशन, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने तथा यू–डाईस अपडेशन के संबंध में प्रत्येक विद्यालयों का एक–एक कर समीक्षा की गई तथा सभी संस्था प्रमुखों को समयसीमा के भीतर उपरोक्त कार्यों को करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश कुमार साहू द्वारा ऑन–लाईन छात्रवृत्ति पोर्टल में खाता सुधार हेतु लंबित विद्यार्थियों के खाता सुधार तथा छात्रवृत्ति संबंधित सभी कार्यों को समय सीमा में करने निर्देश दिया गया। बैठक में अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे। अनुपस्थित संस्था प्रमुखों को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है।

### ब्लॉक स्तर पर हुआ युवा उत्सव का भव्य आयोजन

**बिलाईगढ़।** सेजेस बिलाईगढ़ में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सत्यनारायण साहू, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ ने किया। युवा उत्सव में नृत्य, गायन, भाषण, नाटक और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। मंच पर युवाओं ने अपनी कला और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के लोकनृत्य में योगेश पंथी पार्टी कालेज बिलाईगढ़ प्रथम, स्नेहा ग्रुप द्वितीय, लोक गीत में हर्षिता ग्रुप प्रथम, एकल गीत में हिमांशी जायसवाल, चित्रकला प्रतियोगिता में दृष्टि देवांगन प्रथम, कहानी में लेखन में आनिया अजय प्रथम, कविता में यामिनी साहू, विज्ञान मेला में उर्जस्वि जांगड़े ग्रुप सेजेस बिलाईगढ़ प्रथम, हस्त शिल्प कनिष्का यादव, टेक्सटाइल शुभम देवांगन, रॉक बैंड में सेजेस बिलाईगढ़, तात्कालिक भाषण में एलिशा निसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर गोविंद अजय, सहसराम सात्रे, प्राचार्य सेजेस बिलाईगढ़, रामेश्वर प्रसाद अजय, पंचराम साहू, यशपाल यादव, विनोद डड़सेना, एस एस सबर, ईश्वर प्रसाद साहू, लोकनाथ टांडे, अजित कुमार निराला, राजकुमार जांगड़े सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

### रसोइयां करेंगी विधायक सिन्हा का सम्मान

**महासमुंद।** घायल रसोइया की मदद करने पर विधायक द्वारा की गई मदद के चलते प्रदेश रसोइयां संघ द्वारा विधायक राजू सिन्हा का सम्मान किए जाने की रुपरेखा तय की गई है। आगामी 15 दिसंबर को रसोइयां महासंघ की प्रांत प्रमुख नीलू ओगरे द्वारा विधायक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश की समस्त 87500 रसोइयों का समर्थन दिया गया है। बता दें कि विधायक सिन्हा द्वारा घायल रसोइया बहन को स्वनिधि मद से 50 हजार की आर्थिक मदद पहुंचाई गई। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त रसोइयों द्वारा विधायक को एक ज्ञापन पत्र भी मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा जाएगा। जिसमें पूर्व में की गई मांगों का स्मरण कराया जाएगा। ताकि यथासंभव कार्यवाही के लिए विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित हो।

## बारदाने की कमी और धान परिवहन की धीमी रफ्तार से खरीदी प्रभावित

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की रफ्तार सुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- बैंक शाखा बया व टुण्डरा अंतर्गत 22 उपार्जन केन्द्रों से धान परिवहन शून्य
- अब तक खरीदे गये धान का उपार्जन केन्द्रों से मात्र 6 प्रतिशत परिवहन
- आनलाइन व ऑफलाइन टोकन कटने के दौरान भी किसानों द्वारा की जा रही शिकायत

इस वर्ष जिले में केन्द्रीय सहकारी बैंक की 15 शाखाओं के अंतर्गत 129 साख समितियों द्वारा 166 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर से जारी है। किंतु मौसम संबंधी बाधाओं के साथ–साथ उपार्जन केन्द्रों से धान परिवहन की धीमी रफ्तार के चलते धान खरीदी की रफ्तार धीमी है। प्रदत्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 67 हजार 787 पंजीकृत किसानों में से 56 हजार 937 किसान ही अपना पूरा अथवा आंशिक धान बेच पाये है। विभाग द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष धान खरीदी के निर्धारित लक्ष्य 9 लाख 62 हजार 910 मैट्रीक टन के विरूद्ध 11 दिसंबर तक 24 लाख 54 हजार 307 क्विंटल धान की खरीदी हो पाई है।



प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बलौदाबाजार बैंक शाखा अंतर्गत संचालित 15 साख समितियों के 19 उपार्जन केन्द्रों में अभी तक 2 लाख 57 हजार 475 क्विंटल धान खरीदी हो पाई है। इसमें से सिर्फ 5 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। इसी तरह लवन बैंक शाखा अंतर्गत 11 संचालित समितियों के 15 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 54 हजार 970 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 7 प्रतिशत धान का उठाव होने, कसडोल बैंक शाखा अंतर्गत 10 साख समितियों द्वारा संचालित 17 उपार्जन केन्द्रों में ⏩ शेष पेज 11 पर

### टोकन के लिए किसानों ने की शिकायत

*जिला के कई उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु ऑनलाइन टोकन कटवाने के बारे में कई किसानों द्वारा बताया गया है कि सुबह 9.30 बजे टोकन काटने के लिए साइड खुलता है, लेकिन 10 बजे के पहले ही टोकन कटना शून्य हो जाता है। वहीं धान का उपार्जन केन्द्रों से परिवहन नहीं हो पाने के कारण विभाग द्वारा टोकन में धान खरीदी के लिमिट कम कर कुछ सेन्टरों में 80 क्विंटल कर दी गई है, जिससे धान खरीदी बंद नहीं हो पायी है। लेकिन एक खाते धारक को तीन टोकन मिलने वाले नियम के चलते किसान ऑनलाइन के बजाय ऑफ लाइन टोकन कटवाने चक्कर काटने को मजबूर है।*

# ड्यूटी पर अनुपस्थित शिक्षिकाओं को नोटिस जारी कर मांगा जवाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- बीईओ ने स्कूलों की किया औचक निरीक्षण

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार ने शासकीय प्राथमिक सेम्हराडीह, पूर्व माध्यमिक शाला सेम्हराडीह, हाई स्कूल सेम्हराडीह, प्राथमिक शाला ढाबाडीह, प्रा.शाला सरकीपार, पूर्व मा.शाला सरकीपार, प्रा.शाला कुकुरडीह एवं पूर्व मा.शाला कुकुरडीह का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पूर्व शाला सेम्हराडीह में अर्चना नंदा शिक्षक (एलबी) एवं हाई स्कूल सेम्हराडीह में निकिता वर्मा अनुपस्थित पायी गई तथा प्रा.शाला सेम्हराडीह में संध्या वर्मा एवं अनिता वर्मा प्रातः 11 बजे के बाद विलम्ब से उपस्थित हुए। प्रा.शाला ढाबाडीह में शिक्षक दैनंदिनी संधारित नहीं पायी गई। विलम्ब से शाला आने वाले तथा अनुपस्थित सभी शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी टण्डन द्वारा सभी शिक्षकों को निर्धारित समय में शाला आने, प्रति दिवस शिक्षक दैनंदिनी संधारित करने, अपार आईडी जनरेट करने तथा जाति आय तथा निवास प्रमाण पत्र समय सीमा के भीतर बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही



- जनपद सदस्य ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप

**बगबुडा।** जनपद पंचायत सदस्य सीरियाडीह मोनिका पटेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। चुनाव के वक्त कहा गया था कि 3100 रुपए में एकमुश्त धान खरीदेंगे, लेकिन भाजपा सरकार अपने कहे हुए बातों से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपना धान सरकार को बेचते हैं भाजपा या कांग्रेस पार्टी को नहीं और सरकार द्वारा खरीदे गए धान की किसान न्याय योजना की राशि तथा बढ़ी हुई समर्थन मूल्य की राशि को सरकार समर्थन मूल्य के दौरान ही भुगतान करें। भाजपा सरकार की नीति और नियत किसान हितैषी तो नहीं लग रही है। मोनिका पटेल ने कहा कि जनता इधर महंगाई से परेशान है। इधर भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मात्र में दोनों फसलों में धान की ही खेती की जाती है, क्योंकि धान की फसल का विक्रय और नगदी करण आसानी से हो जाता है, जिसमें स्थानीय व्यापारी भी किसानों का साथ देते है। इन्हीं दोनों फसलों के कार्यों के आधार पर ही किसान कर्ज लेते हैं। अपने बच्चों की शादी के लिए घर की जरूरत के लिए किसानों को खेत और मौसम के अनुसार फसल चुनने का अधिकार है। मोनिका पटेल जनपद पंचायत सदस्य सीरियाडीह ने कहा इस डबल इंजन की सरकार से ऐसी उम्मीद नहीं थी।

## धान खरीदी केंद्र के कम्प्यूटर आपरेटर आज से हड़ताल पर

**गोपालपुर।** छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ आज से हड़ताल पर जा रहे हैं। तीन सूत्री मांगों लेकर स्थगन आदोंलन को पुनः प्रारंभ करने निर्णय लिया गया है, जो निर्धारित आंदोलन तिथि दिनांक 12 दिसंबर को मांग पूरी होने तक माना तूता धरना स्थल, नवा रायपुर में प्रदर्शन किया जाएगा। तीन सूत्री मांग में धान खरीदी कम्प्यूटरीकरण वर्ष 2007 से डाटा एटी आपरेटर विगत 17 वर्षों से कार्यरत है। समर्थन मूल्य धान खरीदी के तहत धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत है। डाटा एन्टी आपरेटर को खाद्य विभाग मे संविलियन किया जाए। नवीन वित्तीय निर्देश 2022–23 के अनुसार संविदा वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि का लाभ प्रदान कर 23350 रुपये मासिक संविदा वेतनमान अगस्त, 2023 से प्रदान किया जाए। धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष, 2024–25 की कंडिका 11.3.3 (आगामी खरीफ वर्ष, 2025–26 मे समितियों मे डाटा एन्टी आपरेटरों की व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा आऊट सोर्सिंग से नियोजित करने के संबंध में माह अप्रैल 2025 में कार्यवाही की जाय को विलोपित किया जाए।

# रासेयो ने मानव अधिकार दिवस पर निकाली रैली

फोटो लगेगा बीबीजेड 19




बगबुडा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख), राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने संस्था के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के नेतृत्व में मानव अधिकार दिवस पर गांव में जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। प्राचार्य ने कहा कि मानव को स्वतन्त्रता, समानता, मानव कि रक्षा करने के लिए मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्राम दतान खैरा के गली मोहल्ले में जाकर रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार किया। स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक एवं स्लोगन से भी लोगों को मानव को अधिकार के बारे में बताया और गांव के लोगों ने भी अपने अधिकार के बारे में जाना। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को बधाई दी। संस्था के प्राचार्य द्वारा गांव में हर गतिविधि कराया जाता उसके लिए भी गांव वालों ने बहुत प्रशंसा की। रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अध्यक्ष मंजु कैवत उपाध्यक्ष डगेशवर निषाद, सचिव माधुरी पैकरा, सहसचिव वंदना पैकरा शामिल थे।

## कार्यक्रम में बुजुर्गों ने सुनाई कहानियों का तैयार किया गया पॉडकास्ट

# भारतीय भाषा उत्सव में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

भारत सरकार ने राष्ट्र कवि सुब्रामण्यम भारती के जन्म दिवस 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में भारतीय भाषा उत्सव का साप्ताहिक आयोजन प्रधान पाठक पुष्पलता नायक के मार्गदर्शन में शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा कराया गया। इसमें बच्चों द्वारा सप्ताह के दौरान अनेक गतिविधियों में सक्रियता के साथ सहभागिता निभाया गई। प्रथम दिन समुदाय के समक्ष बच्चों से वाल मैगजीन और नेचर वाक की शुरुआत करायी गई, जिसमें बच्चों द्वारा अपने आसपास में पाए जाने वाले पेड़ पौधों की पहचान कर उनका नाम हिंदी व स्थानीय बोली में लिखकर बोर्ड में प्रदर्शित कराया गया।

दूसरे दिन डिजिटल तकनीक का उपयोग कर अन्य भाषा की कहानियों का अनुवाद कर बच्चों को सुनाया गया। ग्राम के बड़े बुजुर्गों द्वारा




सुनाई गई कहानियों का पॉडकास्ट तैयार किया गया। तीसरे दिन की गतिविधि में बच्चों के द्वारा रचनात्मक लेखन कराया गया। इसमें बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी व स्थानीय भाषा में गीत, कविता, कहानी सुनाकर मौलिक रूप से स्व रचित लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनके द्वारा रचित लेखों को दीवार पत्रिका पर प्रदर्शित किया गया। चौथे दिन बच्चों को किसी भाषा विशेष को सीखने के लिए शाला में तैयार किये गए विभिन्न सामग्रियों का प्रदर्शनी लगाया गया और जादुई पिटारा के माध्यम से बच्चों को रोल प्ले के लिए मुखौटा निर्माण की तकनीकों को बताया गया। पांचवे दिन बच्चों को शिक्षकों व समुदाय के सदस्यों के द्वारा लघु नाटिका व कहानियां सुनाया गया। इसके पश्चात सुने हुए कहानियों को बच्चों के द्वारा लिखकर कहानी पुस्तक के रूप में प्रदर्शित किया गया। छटवें दिन भाषा मित्र योजना के माध्यम से बच्चों को हरियाणा व महाराष्ट्र के बच्चों के साथ जूम एप्प के माध्यम से परस्पर संवाद कराया गया और एक दुसरे के भाषा बोली, रहन–सहन ,खानपान आदि से परिचित कराया गया। सातवे व अंतिम दिन बच्चों को अपनी लोककला व संस्कृति से परिचित कराने के लिए बच्चों के द्वारा तैयार राउत नाचा, पंथी व सुआ नृत्य का प्रदर्शन कराया गया।


शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भाषा विशेषकर बच्चों के घर की भाषा में सीखने एवं बहु–भाषा शिक्षण पर जोर दिया गया है। भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को एकता की भावना एवं अपने संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए भाषा के महत्त्व को बताया गया। बच्चों में भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृध्द साहित्य के प्रति रूचि और आदर भाव का विकास किया गया। बहुभाषा शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए टेक्नालजी का उपयोग कर शाला के बच्चों को हरियाणा, महाराष्ट्र के बच्चों से संवाद कराया गया एवं कहानी व कविता आदि गतिविधियों को परस्पर कराया गया।

### पिथौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिथौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। जिसमें रक्तचाप (बीपी), शुगर, सिकल सेल, कुष्ठ रोग, हीमोग्लोबिन की जांच, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण एवं टीकाकरण तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ, डॉ. बीबी कोसरिया ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। यह शिविर पूरी तरह से निःशुल्क है और इसका उद्देश्य जनसामान्य को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री किंजरापु से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के संबंध में एयरपोर्ट पर कस्टम, इमिग्रेशन ऑफिस, कार्गो हब, नाइट पार्किंग सुविधा विकसित करने को लेकर व्यापक चर्चा कर रायपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए अपने विचार साझा किए। बैठक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को मजबूत बनाना और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाना था। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल और विधायक सुनील सोनी भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आज पखांजूर जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को हेलीकॉप्टर से पखांजूर जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे पुलिस मुख्यालय हेलीपेड नवा रायपुर से हेलीकॉप्टर से पखांजूर जाएंगे। मुख्यमंत्री वहां की पुराना बस स्टैण्ड स्वर्गीय असीम राय की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास और आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पखांजूर से संध्या 5 बजे रायपुर लौट आएंगे। शाम 5 बजे रायपुर के भाटागांव अंतर्राज्जीय बस टर्मिनल में नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस आरंभ एवं इनोवेशन सेंटर इनोवेट का लोकार्पण करेंगे।

### सौर ऊर्जा से जगमग होंगे 23 प्रमुख पर्यटक स्थल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोनाखान की धरती से बलौदाबाजार भाटापारा जिले के 23 प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए सोलर हाईमास्ट लगाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसमें 23 स्थानों पर 50 से अधिक सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने की तैयारी की जा रही है। सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थल सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। उक्त कार्य के लिए नोडल एजेंसी क्रेडा को निर्धारित किया गया है।

### सिम्स में साठ दिन की हड़ताल, तीन साल बाद स्वीकृत हुआ अवकाश

**रायपुर।** बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन के खिलाफ साठ दिन की हड़ताल को अवकाश अवधि माना गया है। तीन साल बाद मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। कर्मचारियों के आंदोलन को अवकाश मानने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा काफी समय से अधिकारियों से डिमांड की जा रही थी।

वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस (सिम्स) प्रबंधन पर कर्मचारियों ने निष्क्रियता का आरोप लगाया था। संबंधित डीन को हटाने के लिए उन्होंने मोर्चा खोला और दो दौर में साठ दिन की हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारी आंदोलन के बाद तात्कालीन अधिष्ठाता को हटा दिया गया था। इसके बाद कर्मचारियों की हड़ताल अवधि का वेतन फंस रहा था और कर्मचारी इसे अवकाश स्वीकृत करने की मांग कर रहे थे। शासन द्वारा इस मामले को पेंडिंग में डाल दिया गया था। इसके बाद प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त किरण कौशल से इस मामले में मुलाकात की थी। शासन की ओर तीन साल पुरानी साठ दिन की लंबी हड़ताल को अवकाश स्वीकृत करने का मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। साथ ही इस बात का जिक्र किया गया है, जिस कर्मचारी का अर्जित अवकाश शेष ना हो उसे असाधारण अवकाश प्रदान किया जाए।

# शादी का प्रलोभन-शारीरिक शोषण मामले में पीड़िता को 20 लाख रुपए की मिली क्षतिपूर्ति राशि

## छत्तीसगढ़ महिला आयोग में सुनवाई के दौरान आरोपी-पीड़िता के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने के मामले में पहली बार पीड़िता और आरोपी के बीच सुलहनामा हुआ है। इस सुलहनामे के तहत आरोपी ने पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में 20 लाख रुपए की राशि दी है।

आयोग में महिला ने एक व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत की थी कि कई वर्ष तक आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। इस बीच जब भी वह शादी करने की बात करती, वह बहाना बनाकर टाल देता। पीड़ित महिला ने आयोग को बताया कि जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया तो उसने साफ इंकार कर दिया, जिसके बाद उसने न्याय पाने के लिए आयोग में उसके विरुद्ध केस किया है। इधर इस प्रकरण में पूर्व सुनवाई के दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ सुलह करते हुए उसे 20 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रुप देने की सहमति जताई थी। इस सहमति के तहत आरोपी ने नकदी 10 लाख रुपए एवं 10 लाख रुपए का चेक पीड़िता को आयोग के समक्ष दिया। आयोग ने इस दौरान दोनों के बीच इकरारनामा बनाया कि भविष्य में अनावेदक पीड़िता को परेशान नहीं करेगा, साथ ही आवेदिका भी बिना किसी कारण अनावेदक के विरुद्ध किसी प्रकार का केस दर्ज नहीं कराएगी।




### बुआ के साथ ठगी करने वाला भतीजा और बैंक मैनेजर गिरफ्तार

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने अपने भतीजे और बैंक मैनेजर पर झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर उसके नाम के जमीन को बैंक में गिरवी रखकर 10 लाख रुपए का लोन निकालने का आरोप लगाते हुए केस किया था। महिला आवेदिका ने आयोग को बताया कि अनावेदक फर्जी तरीके से उसके जगह पर दूसरी महिला का फोटो लगाकर तत्कालीन बैंक मैनेजर के साथ सांठ-गांठ कर बिना किसी वेरीफिकेशन के 10 लाख रुपए का लोन निकाला था। आयोग ने इस प्रकरण को महज दो सुनवाई में निराकरण किया है। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने वर्तमान बैंक मैनेजर को बैंक के मुख्य अधिकारी से इस मामले में जांच-पड़ताल कर कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा तत्कालीन बैंक मैनेजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के तहत पुलिस ने तत्कालीन बैंक मैनेजर, आवेदिका के भतीजे और इस गिरोह का एक अन्य व्यक्ति जो लोन लेने के समय में गारंटर बना था। इन तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में आगे और जांच-पड़ताल कर रही है, जिससे पता चलता है कि यह फर्जीवाड़ा सिर्फ एक नहीं है यह आरोपी लगातार कई वर्षों से लोगों को ठग रहे है।

# धान खरीदी में अव्यवस्था कांग्रेस का ब्लॉकों में धरना

**पीसीसी अध्यक्ष की सीएम को चुनौती- एक पंचायत बताएं जहां भुगतान का काउंटर हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा धान खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था को दूर करने कांग्रेस ने प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि धान खरीदी की परेशानी दूर करने के लिये सरकार को निर्देश दें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मानपुर के दुर्गा चौक में धरने में शामिल हुये। उन्होंने कहा, हम लगातार किसानों की परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार से आग्रह कर रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों में किसानों को परेशान किया जा रहा। सरकार की मंशा साफ नहीं है। वह किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही। बारदानों का संकट है, टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ज्यादा मात्रा में धान लिया जा रहा, इन सबको लेकर हमने बार-बार सरकार को चेतावनी दी। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कहते हैं एकमुश्त पैसा दे रहे, जबकि मात्र 2300 की दर में भुगतान हो रहा है। वादा किया था पंचायतों में काऊंटर खोलकर धान का 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान करेंगे। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं कि प्रदेश के कितने पंचायतों में काऊंटर खोलकर किसानों का भुगतान कर रहे, बताएं साहस है तो एक पंचायत का नाम बता दें। सभी ब्लॉकों से अलग-अलग राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। किसानों की समस्या दूर करने के लिये हस्तक्षेप करने को कहा है।




### धनेंद्र और डहरिया ने दिया धरना

रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में अभनपुर ब्लॉक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, आरंग में मंदिर हसौद में पूर्व मंत्री शिव डहरिया, धरसीवां में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, बिरगांव में पंकज शर्मा, तिल्दा में देवा दास टंडन ने प्रदर्शन में भाग लिया।

### प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से किसान खुश- शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का फ्लॉप शो बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के गलत कामों पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसा कर प्रदेश में अराजकता लाने की नाकाम कोशिश कर रही है। कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है।

# सवन्नी बोले- कांग्रेस अब सीधे चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों के महापौर व अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लिया है, कांग्रेस को अपने पैरों तले अपनी राजनीतिक जमीन के पूरी तरह खिसक जाने का डर सताने लगा है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस अब सीधे चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं है। श्री सवन्नी ने कहा, पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के बाद हाल ही रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस अब भाजपा से सीधी चुनाव लड़ाने से डरने लगी है क्योंकि एक तो उसके पास अब नेताओं का अकाल पड़ गया है, दूसरे कांग्रेस में मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है और उसे पर तुर्रा ये की एक साल की विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी करते हुए किसानों, महिलाओं, युवा, आम नागरिक के हित, उन्नति के बड़े-बड़े फैसले ले लिए हैं, जो कांग्रेस 5 साल में भी नहीं कर सकी थी। श्री सवन्नी ने कहा, पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी कांग्रेस को 2018 के विस चुनाव में मिली जीत के बाद भी निकाय चुनाव में जीत का जरा भी आत्मविश्वास नहीं था। अपनी सियासी फजीहत से बचने के लिए ही कांग्रेस ने पिछली बार चोर दरवाजे से महापौर और अध्यक्ष के पदों पर जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त व धमकी-चमकी के दांव-पेंच अपनाकर छद्म जीत दर्ज की थी। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला पलटने से पहले यह तक नहीं सोचा कि अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस की दिग्विजय-सरकार ने निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव का निर्णय लिया था। अपनी ही पार्टी के फैसले को पलटते समय कांग्रेस तब भी डर रही थी और आज भाजपा सरकार द्वारा भूपेश सरकार के फैसले को पलटने के बाद भी डरी हुई है।




### एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के मेयर इन कौंसिल की बैठक 12 दिसंबर को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक दोपहर 3 बजे से रखी गई है। जिसमें गरीबों के पेंशन प्रकरण सहित जनहित से जुड़े विषय एमआईसी में चर्चा के लिए रखे जाएंगे। इस बात की जानकारी निगम के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पांडेय ने दी है।

# श्यामा प्रसाद, कुशाभाऊ, दीनदयाल, अटल बिहारी, राजमाता सिंधिया की मूर्तियों का अनावरण करेंगे नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में स्मृति मंदिर बनाकर रखी गई हैं मूर्तिया

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश भाजपा संगठन ने अपनी पार्टी के स्वर्गीय दिग्गज नेताओं की स्मृतियों को संजोने के लिए एक स्मृति मंदिर का निर्माण किया है। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और राज माता सिंधिया की मूर्तियां रखी गई हैं। इन मूर्तियों का अनावरण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर की शाम को करेंगे। इसी दिन प्रदेश की भाजपा सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की इसी दिन दोपहर को साइंस कॉलेज के मैदान पर आमसभा भी होगी। प्रदेश की भाजपा सरकार का 13 दिसंबर को एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आ रहे हैं। वे यहां पर दिल्ली से दोपहर को 2.50 बजे पहुंचेंगे। विमानतल से वे सीधे साइंस कॉलेज के मैदान जाएंगे। वहां पर एक बड़ी आम सभा होगी। इस सभा की समाप्ति के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। यहां पर वे सबसे पहले स्मृति मंदिर में पांच नेताओं की मूर्तियों का अनवारण करेंगे। सभी मूर्तियों को पंचधातुओं से बनाया गया है। मूर्तियों को राजनांदगांव के कलाकारों ने तैयार किया है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव सहित सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा ने सांसद, विधायक, प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।




# शिष्टाचार में दी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व स्वास्थ्य तथा उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एकीकृत अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शिष्टाचार के तहत शुभकामनाएं दी थी। कांग्रेस शासनकाल में बनाई गई यह योजना एक सचिव स्तर के अफसर और नाबार्ड की लोन प्रक्रिया की वजह से विलंब हुई थी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवा की स्थिति राज्य में अभी चिंताजनक है और इसमें व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि एकीकृत अस्पताल की योजना कांग्रेस शासनकाल में बनी थी। इसके लिए चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती के दौरान भूमिपूजन भी किया गया था, मगर इसे कांग्रेस शासनकाल में पूरा नहीं किया जा सका, जिसका उन्हें दुख है। इस एकीकृत अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने से प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहली जरूरत मानव संसाधन की होती है।



तमाम उपकरण और सुविधाएं डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टॉफ के अभाव में काम की नहीं रह जाती। यहां स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी कमी को प्राथमिकता के साथ दूर किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पता चला है कि अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं हुआ है जिसकी वजह से उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आंबेडकर अस्पताल के विस्तार के संबंध में उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या के हिसाब से भवन छोटा पड़ रहा है। हमारी योजना जेल की शिफ्टिंग के बाद वहां की जमीन का उपयोग अस्पताल के विस्तार के लिए करने की थी। देवेन्द्र नगर की ऑफिसर कालोनी के नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद वहां का उपयोग अस्पताल की सुविधा बढ़ाने के लिए किए जाना था मगर दोनों की शिफ्टिंग अब तक नहीं हुई है।

### मुख्यमंत्री ने भी आभार जताया

टीएस सिंहदेव ने कहा कि निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत मंशा के अनुरूप शुभकामनाएं दी थी। इसके जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इसके लिए उनका अभार जताया था। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रदेश में स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था पर जो सवाल उठाएं है वह सही है।

## 15 हजार मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

# सोसाइटियों से धान का उठाव शुरू, सवा लाख टन का डीओ कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं होने से पौने दो हजार उपार्जन केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति को देखते हुए जिले में पंजीकृत मिलरों को डीएमओ द्वारा उठाव के लिए डीओ जारी किया जा रहा है। डीओ जारी करने के बाद मंगलवार से मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 1.22 लाख मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया गया, जिसके विरुद्ध 15 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

उठाव की गति धीमी होने के कारण अब भी प्रदेश के हजारों खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के चलते खरीदी पर प्रभाव पड़ा। धान खरीदी केंद्रों में मंगलवार को उठाव शुरू होने के बाद अब मार्कफेड के अधिकारी बफर स्टॉक कम करने पर ध्यान दे रहे हैं। राइस मिलरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी उठाव को लेकर ज्यादा रूचि नहीं दिखाई। जिला प्रशासन के दबाव में कई जिलों से 15 हजार टन धान का उठाव किया गया। वहीं प्रदेश के मिलरों के पंजीयन का काम भी जारी है। 1600 आवेदनों में से लगभग 1200 से अधिक मिलर्स का पंजीयन भी हो गया है। डीएमओ द्वारा उठाव का आदेश जारी किया जा रहा है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। धान का उठाव शुरू होने से समितियों ने राहत की सांस ली है।



### अब तक 38.98 लाख टन खरीदी

राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 8.28 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 8973 करोड़ 24 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। खरीदी केंद्रों में करीब 36 लाख टन से अधिक धान के स्टॉक को देखते हुए मार्कफेड ने संग्रहण केंद्रों के लिए भी उठाव शुरू किया है।

### किसानों के लिए हेल्प लाइन

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 10 दिसम्बर को 78387 किसानों से 3.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 93197 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 94280 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते है।

### इन जिलों में अब भी बफर स्टॉक

बताया जाता है कि प्रदेश के महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के कई खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मिलरों को डीओ मिलने के बाद तेजी से उठाव होगा। प्रदेश के दुर्ग, बेमेतरा, महासमुंद जिले की कई समितियों ने पहले ही जगह न होने के कारण खरीदी बंद होने की संभावनाओं के बाद यहां पर कलेक्टरों को उठाव पर ध्यान देने कहा गया है।

# सभी 33 जिलों के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके।




प्रभारी सचिव प्रतिमाह कम से कम एक बार अपने प्रभार जिले का भ्रमण कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, ऋचा शर्मा को रायपुर, मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को महासमुंद जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को जांजगीर चांपा, सचिव रोहित यादव को कोरबा, सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह को बस्तर, सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, सचिव अविनाश चंपावत को राजनांदगांव, सचिव प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, सचिव अम्बलगन पी. को जशपुर, सचिव आर शंगीता को सारंगढ़-बिलाईगढ़, सचिव रजत कुमार को रायगढ़, सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, सचिव एस. प्रकाश को कोरिया, सचिव अंकित आनंद को बालोद, सचिव डॉ. सीआर. प्रसन्ना को बेमेतरा, सचिव भुवनेश यादव को सूरजपुर, सचिव एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव शम्मी आबिदी को कांकेर, सचिव हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, सचिव मो. कैसर अब्दुलहक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, सचिव यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, सचिव भीम सिंह को कोण्डागांव, सचिव शिखा राजपूत तिवारी को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सचिव नरेन्द्र कुमार दुग्गा को सुकमा, आयुक्त किरण कौशल को सक्ती, संचालक सौरभ कुमार को दंतेवाड़ा, संचालक सुनील कुमार जैन को सरगुजा, विशेष सचिव जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, विशेष सचिव सारांश मित्तर को बीजापुर और प्रबंध संचालक रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

# शासन थोक में दे रहा छुट्टियां, हम पूरा नहीं कर पा रहे कोर्स, चाहिए गरीब बच्चों के 300 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासन द्वारा थोक में दी जा रही छुट्टियों से निजी स्कूल हलाकान हो गए हैं। उनका कहना है कि थोक में दी जा रही छुट्टियों के कारण वे तय वक्त पर कोर्स पूरा नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग को लिखे गए खत में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने कहा है कि शिक्षा विभाग की नियमावली में प्रति वर्ष 220 दिन स्कूल के संचालन का नियम है, लेकिन गत वर्षों से प्रदेश में स्कूल 180 से 185 से ज्यादा संचालित नहीं हो रहे हैं। शिक्षा के लगातार नुकसान से बचने के लिए कुछ छुट्टियों का अधिकार स्कूलों को दिया जाए। इसके अलावा निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों की फीस भी संगठन ने मांगी हैं। वर्तमान में 300 करोड़ से ऊपर की प्रतिपूर्ति राशि स्कूलों की बकाया है। पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। आरटीई की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 18,000 एवं हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक करने की मांग की गई है।

## निजी विद्यालयों ने स्कूल शिक्षा विभाग को लिखा खत

### 12 साल में बेचनी पड़ रही बस

प्राइवेट स्कूलों का कहना है कि शैक्षणिक उपयोग की बसों को 12 साल बाद फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जा रहा है। उन्हें 12 वर्ष बाद बेकार घोषित कर दिया जाता है। जबकि आम परिवहन की बसों को 15 साल की अवधि तक संचालित करने का नियम है। यह नियम हमारी बसों को 12 साल बाद बेचने पर मजबूर कर रहा है जबकि शैक्षणिक उपयोग की बसें कमर्शियल बसों से कम चलती हैं तथा सुरक्षा के ज्यादा उपाय हैं। शैक्षणिक उपयोग की बसों को भी 15 साल की अवधि तक संचालित करने की अनुमति उन्होंने मांगी है।



### परिवहन विभाग भी नहीं दे रहा ध्यान

निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ देने की बात खत में कही गई है। इसके अलावा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा संबंधित व्यवस्था को अगले सत्र से लागू करने, पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों को 5 वर्ष के लिए मान्यता प्रदान करने, बसों के लिए मार्केट दर पर जीपीएस तथा पैनिक बटन प्रदान करने की भी मांग की है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन कई बार कई स्तरों पर इन मांगों के निराकरण की मांग करता रहा है, लेकिन मांगों पर स्कूल शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। निराकरण नहीं होने पर निजी स्कूलों ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

## खबर संक्षेप



### समुद्र मंथन और वामन अवतार की कथा सुनाई

**रायपुर।** रायपुरा चंगोराभाटा में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसर दिन मंगलवार को पंडित झम्मन शास्त्री ने समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने आगे कहा कि, भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लाग रहे हैं, श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं, इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है, व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है, इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए।

### वेतन बढ़ाने डिप्टी सीएम से मिला आईपीए



**रायपुर।** पांच केंद्रीय सहित तमाम उपजेलों में पदस्थ फार्मासिस्टों की वेतन विसंगति दूर करने आईपीए के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात की। उन्हें बताया गया कि जेलों में कार्यरत फार्मासिस्ट का ग्रेड पे 1900 है जिसे स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के बराबर 2400 किया जाना चाहिए। राज्य शासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने पिंगुवा कमेटी का गठन किया है। पूर्व में जेल और स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट का वेतन समरूप किए जाने आईपीए ने गृह सचिव को पत्राचार किया था। जेल फार्मासिस्ट भर्ती नियम में शैक्षणिक योग्यता कालम में त्रुटि सुधार किया गया मगर वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया। प्रतिनिधि मंडल में आईपीए के राज्य संयोजक फार्मासिस्ट वैभव शास्त्री , जेल फार्मासिस्ट योगिता गोस्वामी और रायपुर जिला अध्यक्ष तिनेंद्र साहू उपस्थित थे।

### आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान की महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा है। छत्तीसगढ़ में यह सम्मान प्रदान करने का सिलसिला 2013 से जारी है और अब तक छग सहित देश के 5 राज्यों की कुल 33 सर्वश्रेष्ठ महिला पत्रकार को प्रदेश के प्रतिष्ठत अतिथियों के सानिध्य में सम्मानित किया जा चुका है। इसी कड़ी में आशा इकबाल स्मृति महिला पत्रकार सम्मान से वर्ष-2025 के लिए महिला पत्रकारों के चयन एवं महिला पत्रकारों से सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। इस सम्मान के चयन के लिए 'जज पैनल' में वरिष्ठ पत्रकार संदीप तिवारी 'राज', बो डो निजामी, टी सूर्याराव, अविनाश ठाकुर, विष्णु पांडे, पूर्णिमा शुक्ला, जितेंद्रिय महापात्र, रविंद्र कुमार, शशांक दुबे, प्रीति सोनी, अनिल आहूजा, निशा मसीह, मिन्हाज कुरैशी एवं आसिफ इकचाल का समावेश है।

## जागृति शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का सम्मान



**रायपुर।** महिला बाल विकास के परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर में काली बाड़ी सेक्टर, संजय नगर सेक्टर, श्याम नगर सेक्टर, सदर बाजार सेक्टर, पुरानी बस्ती सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, विशिष्ट अतिथि पार्षद समीर अख्तर, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे। मंच से आमंत्रित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की अहम भूमिका रहती है, जो पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करती हैं। अपने उद्बोधन में देवेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य शासन की महतारी वंदन योजना को सफल बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का रहा है, जिन्होंने मात्र कुछ ही दिनों में इस योजना का लाभ महिलाओं को दिलावाने में मदद की। वार्ड में कुपोषित बच्चो का सर्वे कर आंगनबाड़ी के माध्यम से उन बच्चों को सुपोषण आहार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी इन्हीं महिलाओं की रहती है। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ महिला बाल विकास की सीडीपीओ प्रीति प्रसाद, सुपरवाईजर विजया राय चौधरी, कविता सिन्हा, अनीता त्रिपाठी, गुड्डी राय, रानू साहू, खिलेश्वरी साहू सहित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## सहकारिता विभाग के चयनित युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

# साय बोले- विकसित छत्तीसगढ़ बनाने सहकारिता की होगी बड़ी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और अपेक्स बैंक की शाखाओं का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में सहकारिता विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 334 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पारदर्शिता के साथ भर्ती का यह संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहकारिता की भी बड़ी भूमिका होगी और इसमें आप सभी का योगदान अग्रणी रहेगा।

श्री साय ने कहा कि अब प्रदेश के युवाओं के मन में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर भय या संशय नहीं होना चाहिए, अब किसान, मजदूर के बेटे-बेटियों की प्रतिभा को सम्मान मिलेगा।उन्होंने जशपुर जिले के तमनार और बगीचा में अपेक्स बैंक के दो नवीन शाखा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की नवीन शाखा गढ़पुलझर और सिरपुर का वर्चुअल शुभारंभ और अपेक्स बैंक के नवीन शाखा भवन जशपुर का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उन्होंने अनाज के भंडार लोगों के लिए खोल दिए, परोपकार की यही भावना हम सभी के भीतर होनी चाहिए। उन्होंने अमूल का उदाहरण देते हुए युवाओं को सहकारिता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने प्रवास के दौरान सहकारिता को लेकर अमूल्य सुझाव दिये, जिसे हम कार्यान्वित कर रहे हैं।



### मोदी की गारंटी पूरा कर रही सरकार- केदार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रदेश सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, सहकारिता का क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह आप सभी को समझना होगा। किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में आप सभी काम करें।

### 19 विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी- चौधरी

*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, पिछले 1 साल के भीतर 19 विभागों में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा, जिस प्रकार हमारी सरकार पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, आप सभी अपनी सेवा भी इसी ईमानदारी के साथ करें और आम आदमी के जीवन को खुशहाल बनाने समर्पित होकर कार्य करें।*

## नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण के लिए जिलों में कलेक्टर बनाए गए विहित प्राधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सरकार ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव में एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण करने का आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया है। इस काम के लिए जिला कलेक्टरों को विहित प्राधिकारी बनाया गया है। इस आदेश के बाद माना जा रहा है कि आरक्षण की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होगी और नगरीय निकायों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण तय करने कलेक्टरों को विहित अधिकारी बनाए जाने से पहले राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अध्यादेश 2024 जारी किया है। इसमें बताया गया है कि नगरीय निकायों में मेयर, पार्षद और पालिकाओं में अध्यक्ष के लिए आरक्षण की प्रक्रिया किस तरह अपनाई जाएगी। निकायों में आरक्षण के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अनुशंसा मंजूर की है। इसके मुताबिक किसी भी निकाय में 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण दिया जाएगा। किसी क्षेत्र में यदि एससी और एसटी के मिलाकर 25 प्रतिशत संख्या है तो बचा हुआ 25 प्रतिशत स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलेगा। किसी निकाय में एससी एसटी की संख्या 50 प्रतिशत है, तो वहां ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा।




## धोबी समाज के सदस्यों ने पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर से की मुलाकात



**मुंडा।** बलौदाबाजार जिला धोबी समाज के पदाधिकारियों ने गत दिनों कसडोल विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से उनके निवास स्वर्ण भूमि रायपुर में बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक के नेतृत्व में सौंजन्य मुलाकात की। जिला के पदाधिकारियों ने समाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गौरीशंकर अग्रवाल से चर्चा की गई। साथ ही समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बलौदाबाजार जिला पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह, महिला सम्मेलन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन में आने आमंत्रित किया गया। इस पर अग्रवाल ने समाज के लोगों द्वारा दिया गया आमंत्रण स्वीकार किया। इसके अलावा समाज के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व संगठन मंत्री रामप्रताप सिंह से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे, कमलेश रजक, निर्मला रजक, शीलादेवी रजक, पोषण रजक, सुरेश कनौजे, अश्वनी रजक, पुनीत रजक, जनकराम निर्मलकर, उमाशंकर कर्ष, कसडोल राज अध्यक्ष मानसिंग निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, राघव रजक, रामबाई बिटावन रजक, देवकी रजक, रजनी रजक, उर्वशी रजक, उषा रजक, अंजना रजक सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंडी बोर्ड के परिणाम जारी

# व्यापम ने तीन माह बाद फिर से मंगाई थी दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ सचिव के 10 तथा कनिष्ठ सचिव के 18 पद शामिल

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य कृषि विपणन अर्थात मंडी बोर्ड के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। व्यापम द्वारा इसके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी को किया गया था। सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ सचिव के 10 तथा कनिष्ठ सचिव के 18 पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा परिणाम व्यापम ने मंगलवार को अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। कैंडिडेट्स मांगी गई जानकारी देकर अपने परिणाम अपलोड कर सकते हैं। भर्ती के लिए व्यापम को प्रस्ताव 25 सिंतबर 2023 को प्राप्त हुआ था। इसके उपरांत विज्ञापन जारी कर 2024 में व्यापम ने परीक्षा आयाजित की। इस तरह से विज्ञापन जारी होने के एक वर्ष से अधिक समय पश्चात भर्ती संबंधित परिणाम घोषित किए जा सके हैं।




### तकनीकी त्रुटि से बंद हुआ था पोर्टल

व्यापम द्वारा 25 फरवरी को परीक्षा लेने के बाद एक मार्च को मॉडल आंसर जारी किए गए थे। 4 मार्च तक व्यापम ने दावा आपत्ति मांगी थी। इसके बाद जून में व्यापम ने दावा-आपत्ति के लिए पोर्टल फिर से खोल दिया था। 12 से 14 तक का समय कैंडिडेट्स को फिर से दावा आपत्ति दर्ज करने के लिए दिया गया था। व्यापम के अनुसार, पूर्व में तय तिथि से पहले ही पोर्टल तकनीकी कारणों से बंद हो गया था, इसलिए फिर से पोर्टल प्रारंभ किया गया था। दोनों चरणों की दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम परिणाम जारी किए हैं।

## कांग्रेस का आरोप- निगम प्रशासन टैक्स के नाम पर कर रहा दबाव पूर्वक वसूली




हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 10 जोन का घेराव किया। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में जोन कमिश्नरों को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आवास सर्वे के नाम पर हो रही अनिमितताएं, बड़े कॉम्प्लेक्स से टैक्स वसूली ना करके छोटे एवं मध्य वर्गीय परिवार के लोगों को परेशान किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के माध्यम ये कांग्रेस ने भाजपा नेताओं द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद पार्षद निधि की राशि वार्डो में पिछले एक साल से नहीं दी जा रही है। वहीं भूमि पूजन करने के बाद भी अभी तक वार्डो मे विकास कार्य शुरू नही हो पाए हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप, अवारा कुत्तों के आतंक जैसे तमाम मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जोन कमिशनरो को सौंपे गए ज्ञापन में समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई।

### उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, भाजपा सरकार बनने से निगम के जोनो मे किसी भी प्रकार का कार्य नही हो रहा है। आवास सर्वे के नाम पर लोगो से भेदभाव किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर चेतावनी दी गई की तत्काल इन समस्याओ का समाधान नही होता है तो आने वाले दिनो मे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नगरीय निकाय मंत्री से की मुलाकात, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन हड़ताल

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितिकालीन हड़ताल पर हैं। मंगलवार को कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरुण साव मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

विभागीय मंत्री ने प्लेमसेंट कर्मचारियों की मांगों पर उचित निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है। दरअसल, प्रदेश के 14 नगर निगमों, 50 नगर पालिका और 120 नगर पंचायतों में कार्य करने वाले 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी शासन के अन्य विभाग पीएचई, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग की तर्ज पर नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सालों से कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को संबंधित नगरीय निकाय में समायोजन कर सीधा विभाग से भुगतान किया जाए। लामबंद कर्मचारी 8 दिन से काम ठप कर राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता में धरना दे रहे है।

संघ प्रमुख खेमूलाल निषाद का कहना है निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी पिछले 15 से 20 साल से कार्य कर रहे हैं, पर उन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं मिल रहा है। कम वेतन में घर चलाना मुश्किल हो रहा है। इससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

## पेज 9 का शेष

### जिले में समर्थन...

1 लाख 19 हजार 987 क्विंटल धान खरीदी होने तथा मात्र 1 प्रतिशत धान का उठाव होने, बया बैंक शाखा अंतिर्गत 8 सहकारी समितियों द्वार संचालित 10 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 44 हजार 220 क्विंटल धान खरीदी होने के बावजूद 0 प्रतिशत उठाव होने, टुण्डरा बैंक शाखा अंतर्गत 9 सहकारी समितियों के 12 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 5 हजार 132 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 0 प्रतिशत उठाव होने, पलारी बैंक शाखा अंतर्गत 5 सहकारी समितियों के 6 उपार्जन केन्द्रों में 92 हजार 216 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 3 प्रतिशत उठाव होने, रोहांसी बैंक शाखा अंतर्गत 7 समितियों द्वारा संचालित 7 उपार्जन केन्द्रों में 93 हजार 770 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 7 प्रतिशत उठाव होने की जानकारी दी गई है। इसी तरह कोदवा बैंक शाखा अंतर्गत 9 समतियों के 10 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 80 हजार 450 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 15 प्रतिशत उठाव होने, वटगन बैंक शाखा अंतर्गत 6 साख समितियों के 6 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 3 हजार 744 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 7 प्रतिशत उठाव होने, कोसमंदी बैंक शाखा के 5 सहकारी समितियों के 6 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 12 हजार 216 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 11 प्रतिशत उठाव होने, भाटापारा बैंक शाखा अंतर्गत 11 समितियों के 13 उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 18 हजार 455 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 9 प्रतिशत उठाव होने, निपनिया बैंक शाखा अंतर्गत 8 समितियों के 12 उपार्जन केन्द्रो में 2 लाख 18 हजार 430 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 9 प्रतिशत उठाव होने, सिमगा बैंक शाखा अंतर्गत 10 साख समितियों के 13 उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 14 हजार 992 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 6 प्रतिशत धान का उठाव होने, हथबंद बैक शाखा अंतर्गत 7 साख समितियों के 10 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 51 हजार 336 क्विंटल धान खरीदी होने तथा मात्र 2 प्रतिशत उठाव होने तथा भटभेरा बैंक शाखा अंतर्गत 8 समितियों के 10 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 56 हजार 755 क्विंटल धान खरीदी होने तथा 4 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सशिमं में भारतीय भाषा दिवस मना



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती पर भारतीय भाषा दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि सेवा निवृत शिक्षक सीताराम यादव व महेश वर्मा तथा चंद्रभूषण धुरंधर उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों कार्यक्रम में राष्ट्रकवि सुब्रह्मण्य भारती का जीवन परिचय लघु कथा चित्रकारी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य द्वारा भारती के जीवन से संबंधित जानकारी साझा की गई तथा स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके योगदान की जानकारी दी गई। अतिथियों द्वारा भारतीय भाषा का महत्व, देशभक्ति तथा सुब्रमण्यम भारती के जीवन से जुड़ी जानकारी दी गई।

### खरोरा में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गीता जयंती मनाई गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गीता जयंती मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। यह सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इसी दिन महाभारत के युद्ध के मैदान में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भगवत गीता का उपदेश दिया था। गीता में जीवन के दर्शन, कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग का विस्तृत वर्णन है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर कौशल्या चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, अंजू चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

### शहीद वीर नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में शहीद वीर नारायण सिंह को शहादत दिवस पर 10 दिसम्बर 2024 को शालेय स्टाफ व छात्रों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। शिक्षकद्वय दुष्यंत सिन्हा एवं कोमल दीवान ने छत्तीसगढ़ के महानायक क्रांतिकारी वीर नारायण सिंह के बारे में छात्रों को बताया कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आम जनता को जागृत किया और संगठित किया। उनके मन में गरीबों के प्रति संवेदना थी। उन्होंने देश और समाज के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी। इस अवसर पर वीरनारायण ध्रुव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष नागेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे।

### आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**महासमुंद।** 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान पूरे देश में दिनांक 26 नवंबर 2024 से जारी है जो कि 25 दिसंबर तक समस्त आयुष संस्थाओं में होगा। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी जिला महासमुंद डॉक्टर प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में समस्त आयुष संस्थाओं में प्रकृति परीक्षण का कार्य जारी है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, महासमुंद के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अनुसुइया अग्रवाल का प्रकृति परीक्षण किया गया। शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.सर्वेश दुबे द्वारा प्रकृति से संबंधित कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। पॉली क्लिनिक महासमुंद में कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. रागनी गुप्ता व नर्सिंग सिस्टर मेरी रोस खाखा उपस्थित रहीं।

## निधन

### किशोर नामदेव



**बलौदाबाजार।** नगर के दवा व्यवसायी किशोर नामदेव का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रायपुर मार्ग स्थित मोक्षधाम में किया गया। वह डॉ भरत नामदेव, रामकुमार नामदेव, मनोज नामदेव, बाबा नामदेव के भाई थे।

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# सड़क मरम्मत, निर्माण कार्य और धान उठाव में तेजी लाए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय सभागार में बुधवार को समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की कलेक्टर दीपक सोनी ने समीक्षा की। इसमें उन्होंने केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क सहित मुख्यमंत्री सड़क के संबधित अधिकारियों को सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने, उपार्जन केंद्रों में धान उठाव में भी तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पुनः उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। धान बेचने आएं किसी भी किसान को उपार्जन केंद्रों में तकलीफ नहीं होना चाहिए। सभी के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित बारदानें की उपलब्धता जैसे




मूलभूत सुविधाओं की समूचित व्यवस्था प्रत्येक उपार्जन केंद्र में होना चाहिए। राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा गया हैं।

### धान खरीदी केंद्र में परिवहन ठप



**गोपालपुर।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति एवं धान खरीदी केन्द्र गोपालपुर में धान खरीदी कार्य संचालित है यहां रमेश नवरत्न प्रभारी व्यवस्थापक की निगरानी में खरीदी की जा रही है। उपरोक्त केन्द्र में अभी तक 14251.60 क्विंटल धान खरीदी की गई है। खरीदे गए धान की कुल राशि 32778680, सोसाइटी रीड़ के विरुद्ध वसूली की गई कुल राशि 8059392 है। ज्ञात हो की धान के उठाव के कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है।

# धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था कांग्रेस ने किया आंदोलन



**लवन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के नेतृत्व में कोंग्रेसियों ने बस स्टेशन लवन में मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने कहा की जब से बीजेपी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से छत्तीसगढ़ के किसान, नौजवान, महिलाये और जनता परेशान है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था से भांपा जा सकता है। श्री यादव नें कहा आज किसान अपने खून पसीना से उपजायें धान को बेचने भटकने मजबूर है, चाहे बारदाने की कमी, टोकन की समस्या हो, इलेक्ट्रीक कांटों से ज्यादा तौलाई की समस्या हो, धान उठाव में देरी की समस्या, अनावरी रिपोर्ट कम बनाने से किसान परेशान है। भाजपा सरकार अपने अंदरूनी अंतरकलह से उबर नहीं पा रही। सरकार अपने वादे के अनुरूप किसानों का धान एकमुस्त 3217 रु में नगद भुगतान करें, अन्यथा कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में अनवरत आंदोलन करती रहेगी। आंदोलन को जिला पंचायत बलौदाबाजार के सदस्य परमेश्वर यदु, देवीलाल बार्वे, मृत्युंजय पाण्डेय, मृत्युंजय वर्मा, टेकराम साहू नें भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामचंद्र पटेल, कांति मनहरे प्रेमलता बंजारे, संतोष साहू, विनोद अनंत, अजय बार्वे, रूपचंद मनहरे, मुरारी साहू, कोमल वर्मा, गौतम कात्रे, आशा कोसरिया, बनाऊ निराला, हरप्रसाद बार्वे, पंकज अनंत, अभय तिवारी, महादेव कोशले, अक्षत मिश्रा, तुषार पाण्डेय, त्रिभुवन वर्मा, कालीमुल्ला अंसारी, महेश कुर्रे, राकेश चतुर्वेदी, धरम महिलांगे, तिहारु खूंटे, दवेश कुर्रे, राजू चतुर्वेदी, राजकुमारी बघेल, लक्ष्मी बार्वे, कुमारी बार्वे, शकुंतला ध्रुव, विनोद बार्वे, देशराम साहू एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ स्थिति में सुधार लाने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# माइक्रो एटीएम से किसानों को किया जा रहा धान खरीदी का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

किसानों को धान विक्रय की रकम प्राप्त करने किसी प्रकार की असुविधा न हो, उन्हें लंबी लाइन से बचाने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने समितियों में चालू सीजन में माइक्रो एटीएम से भुगतान की व्यवस्था की है। बताया गया कि हर समितियों में शासन द्वारा माइक्रो एटीएम स्थापित कराया गया हैं, जिससे किसान अपने एटीएम कार्ड के माध्यम से बिना बैंक गए अपने बचत खाते से समितियों से ही 500 से लेकर 10 हजार तक के रकम आहरण कर सकता है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लच्छनपुर समिति



प्रबंधक नरेंद्र यदु ने बताया कि समितियों एवं धान खरीदी केन्द्रों में माइक्रो एटीएम के जरिए किसानों के लिए नगद भुगतान किए जाने की सुविधा आरंभ कर दी गई है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष खरीफ वर्ष 24-25 में धान खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ होकर 31 जनवरी तक की जाना है।

इसके तहत हर समितियों में धान खरीदी का कार्य जारी है। मुंडा के किसान मेलाराम रजक कृतराम वर्मा, युवराज वर्मा, सुमेर वर्मा, हरिशंकर वर्मा, कोहरौद के पन्नालाल रजक हंसराम रजक, मल्लीन से नीरेंद्र साहू, नारायण साहू, सहित अन्य किसानों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान के ज्यादा पैदावार होने की बात कही। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र लच्छनपुर में 10 दिसंबर तक 455 किसानों से 18894 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 960 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। खरीदे गए धान की राशि 43456200 है जिसमें से 30924236.50 की राशि का भुगतान किसानों को किया गया है। वही किसानों से 12531963 की राशि वसूल की गई।

# जिपं सदस्य रेणुका ने किया रंगमंच भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



ग्राम पंचायत नयापारा दौरेंगा में जिला पंचायत मद से निर्मित रंगमंच भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेणुका अभिनव यदु, अध्यक्षता विवेक अग्रवाल जनपद उपाध्यक्ष सिमगा, सरपंच सीमा राजकुमार निषाद, उपसरपंच भगवान सिंह साहू, सचिंव रामेश्वर साहू एवं समस्त पंचगण ग्रामवासी उपस्थिति में लोकार्पण किया गया।

# आर्थिक सहायता के लिए 11 लाख स्वीकृत

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर 13 महिला स्वसहायता समूहो एवं सक्षम योजनांतर्गत 1 विधवा महिला हितग्राहीं के आवेदनों पर परीक्षण उपरान्त 11 लाख 70 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वसहायता समूह द्वारा विभिन्न कार्य जो पूर्व से संचालित है। समूह को आत्मनिर्भर एवं उनके व्यवसाय को गति देने विस्तार करने के उद्देश्य से राशि ऋण स्वीकृत की गई है तथा सक्षम योजनांतर्गत विधवा-परित्यक्त महिला हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन के महत्वकांक्षी योजना ''सक्षम'' अंतर्गत 1 विधवा महिला हितग्राहियों को बुटिक एवं सिलाई, पापड़ (साबुनदाना, मुरूकु, बिजौरी), किराना दुकान, टिफिन सेंटर, निरमा पाउडर, फैंसी स्टोर्स, सब्जी भाजी उत्पादन कार्य एवं अन्य कार्यों हेतु राशि स्वीकृत की गई है। शासन द्वारा योजनांतर्गत 3 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण दिया जायेगा तथा इसे समूहों द्वारा 24 से 36 मासिक किश्तों व सक्षम योजनांतर्गत महिला हितग्राहियों द्वारा 60 किश्तों में राशि वापस की जायेगी। उक्त लाभान्वित स्व–सहायता समूहों में जय मां शीतला स्वसहायता समूह मल्दा 1 लाख, जय संतोषी मां स्वसहायता समूह पिकरी 2 लाख 50 हजार, जय मां महामाया स्वसहायता समूह मड़कड़ा 50 हजार, शक्ति महिला स्वसहायता समूह मड़कड़ा 50 हजार, जय मां सरस्वती स्वसहायता समूह थरहीडीह 50 हजार, जय मां कर्मा महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 1 लाख, जय सतनाम महिला स्वसहायता समूह अमेरा–1 लाख, श्री गणेशाय नमः महिला स्वसहायता समूह दतान प 50 हजार, आमीन माता महिला स्वसहायता समूह सकरी प 50 हजार, शिव शक्ति महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 50 हजार, शिवा महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 1 लाख, जय मां तुरतुरिया महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 50 हजार एवं महालक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह बिनौरी 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

# राष्ट्रीय शालेय जुडो क्रीड़ा स्पर्धा में अंजलि करेगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में अगरतला त्रिपुरा में 12 से 15 दिसंबर तक अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग राष्ट्रीय शालेय जुडो क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बलौदाबाजार जिला जूडो संघ की खिलाड़ी - 70 भार में अंजलि ठाकुर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर में मुख्य रूप से मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संरक्षक शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, जिला हपकीड़ो के संरक्षक कैलाश बलानी, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास अडील, आर. के. फूटान, परमानन्द सचदेव, मुरली धर, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, जिला जूडो संघ की सचिव पी. किरन, जिला जूडो संघ सहसचिव अभय केशरवानी, जिला जूडो संघ के. सदस्य राहुल शर्मा, जिला जूडो के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय जूडो



संघ की ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, नेहा साहू सीनियर खिलाड़ी अन्नपूर्णा देवांगन, संदीप रात्रे, बलराम यादव ने बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

# जिले में प्रकृति परीक्षण अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

देश के प्रकृति परीक्षण हेतु आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक देशव्यापी राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रकृति परीक्षण से प्रारंभ किया गया।

जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति परीक्षण से व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना प्रकृति को समझने में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति की विशिष्ट प्रकृति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजना, आहार–विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या बनाकर समय पूर्व होने वाले रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार किया जा सकता है। इस अभियान का लाभ लेने तथा व्यक्ति को स्वयं का प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड कर सिटीजन के रूप में पंजीकृत होना होगा। प्रकृति परीक्षण हेतु आयुश चिकित्सक वालेन्टियर्स द्वारा नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुश औषधालय के चिकित्सक से सम्पर्क कर ऑनलाइन फार्म भरकर आपकी प्रकृति बताकर ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार 2024 के लिए अंतिम तिथि 2 जनवरी तक आवेदन जमा कर सकते है।

आपात परिस्थितियों में बालको की सूझ–बुझ एवं सामंजस्य कौशल को प्रोत्साहित किए जाने की मंशा से प्रतिवर्ष शासन द्वारा दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में 5 बालक–बालिकाओं को 25 हजार की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बालको को कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सम्मानित किया जायेगा है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यालयीन समय प्रातः 10 से सायं 5.30 बजे तक कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई पुराना कलेक्टोरेट परिसर बलौदाबाजार में संपर्क कर सकते हैं।

### महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**बसना।** स्वर्गीय जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में प्राचार्य डॉ एसके साव के निर्देशन एवं रसायन विभाग की विभाग अध्यक्ष आरती साव के मार्गदर्शन में रसायन विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शब्या पटेल सहायक प्रध्यापक रसायन शास्त्र शासकीय महाविद्यालय सरायपाली उपस्थित रही। इस सेमिनार का टॉपिक था संकरण। सबसे पहले शब्या पटेल ने संकरण की परिभाषा विशेषता एवं उसके प्रकार को समझाते हुए कहा कि किस प्रकार दो परमाणु कक्षक आपस में मिलकर नये संकरित कक्षकों का निर्माण करते है। उन्होंने कहा कि किसी भी अणु के संकरण को ज्ञात कर हम उस अणु की संरचना, क्रियाशीलता व रासायनिक बंध के बारे में जान सकते हैं।

### नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी

# मनुष्य सरल स्वभाव से प्राप्त कर सकता है परमात्मा को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में स्व. गुलाबा देवी सोनी के वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिवस आचार्य दउवा प्रसाद दुबे ने कहा कि मनुष्य अपने सरल स्वभाव से परमात्मा को प्राप्त कर सकता है । उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजा उत्तानपाद की सुनीति और सुरूचि नामक दो पत्नियां थी। सुनीति से ध्रुव व सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र हुए एक दिन बालक ध्रुव राजा उत्तानपाद की गोद में बैठे थे, जिसे देखकर सुरुचि ने उसका हाथ पकड़ कर गोद से उठा दिया और कहा कि तुझे अगर राजा की गोद पर बैठना है तो तुझे मेरे गर्भ से जन्म लेना होगा। पांच वर्ष का नन्हा बालक रोते हुए अपनी मां सुनीति को सारी बातें बताई तो उसकी मां ने कहा कि तेरे पिता तेरी सौतेली मां से ज्यादा प्रेम करते हैं। इस वजह से वह हमसे



दूर हो गए हैं, तुझे अगर किसी की गोद में बैठना ही है, तो जगपति श्रीमन्नारायण की गोद में बैठ वहीं हमारे है और कोई दूसरा नहीं इस बात का नन्हें ध्रुव पर बहुत गहरा असर पड़ा और वह एक दिन घर से वन की ओर चल पड़ा तब उसे रास्ते में देव ऋषि नारद मिले। उन्होंने पूछा कि ध्रुव तुम कहां जा रहे हो तब ध्रुव ने कहा कि मैं श्रीमन नारायण की भक्ति के लिए जा रहा हूं। नारदजी ने बालक ध्रुव को घर जाने की बात कहीं जिसे वह नहीं माना तब नारद जी ने उसे ओम नमोरू भगवते वासुदेवाय मंत्र प्रदान किया बालक धुरव वन में जाकर भगवान के नाम का जाप करने लगा भगवान श्री हरि अल्प समय में ही भक्त ध्रुव की पुकार से प्रसन्न होकर उसे दर्शन दिया।

आवश्यकता हैं
हरिभूमि
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिये आवेदन आमंत्रित है
स्वयं का वाहन आवश्यक
रिपोर्टर, प्रसार प्रतिनिधि - 2
योग्यता - 12वीं से स्नातक, अनुभवती को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा
Resume Email या Whatsapp करें
Cir.haribhoomi@gmail.com
8370049468, 8224035555
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
जिला ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)